# अभिभावकों से दो शब्द

**प्रिय महोदय,**

**आपके बालक की शिक्षा में शिक्षक, विद्यालय, सरकार के साथ-साथ आपकी भी महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि आप अपने उत्तरदायित्व को समझते हुए हमें सहयोग प्रदान करते रहेंगे तो आपका बालक निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। इसके लिये निम्नांकित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अवश्य ध्यान दें-**

1. बालक को विद्यालय में केवल प्रवेश दिलाकर निश्चित मत हो जाइए बल्कि जब-जब आपकी आवश्यकता हो तो, विद्यालय में आकर प्रधानाचार्य से अवश्य सम्पर्क करें।
2. बालक के कई दिनों तक विद्यालय न आने अथवा विद्यालय समय में घर पहुँचने का कारण विद्यालय की छुट्टी बताने पर वास्तविकता जानने का प्रयास करें। कहीं आपका बच्चा छुट्टी का बहाना तो नहीं कर रहा है।
3. बालक को बिना बताए, विद्यालय में आकर स्वयं जांच करें कि आपका बच्चा कक्षा में उपस्थित है या नहीं यदि आप वर्ष में 3-4 बार भी ऐसा कर सके तो आपका बच्चा घर से विद्यालय ही आएगा और समय से पूर्व विद्यालय से भागने का प्रयास नही करेगा।
4. इस बात का ध्यान रखें कि आपका बच्चा विद्यालय टाइम टेबल के अनुसार पुस्तकें, कॉपियाँ व अन्य आवश्यक सामग्री लेकर जा रहा है अथवा नहीं, क्योंकि कक्षा में पुस्तक न लेकर आने वाले छात्र न तो स्वयं पढ़ते हैं और न अन्य छात्रों को पढ़ने देते हैं।
5. केवल गृहकार्य पूर्ण करना पढ़ाई नहीं है यदि आपका बच्चा घर पर पढ़ रहा है तो उससे यह अवश्य पूछें कि वह क्या पढ़ रहा है?
6. विद्यालय के देय शुल्क समय पर जमा कराएं।
7. अपने बच्चे के सम्पर्क में आने वाले अन्य बच्चों की जानकारी रखें। माता-पिता बच्चे को चाहे जितने अच्छे संस्कार दें परन्तु यदि बच्चे की संगति खराब हो जाए तो उसका भविष्य अंधकार मय हो सकता है।

**हमें विश्वास है कि यदि आप इन बातों का ध्यान रखें तो आपका बच्चा निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेगा।**

**दीपक कुमार गुप्ता**
**प्रधानाचार्य**

# विद्यालय की कतिपय विशेषताएँ

बालक का सर्वांगीण विकास शिक्षा का उद्‌देश्य माना गया है। यानि एक ऐसा नागरिक तैयार करना जो स्वयं उन्नति करता हुआ राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध हो सके। इसी उद्‌देश्य को दृष्टिगत रखते हुए यह विद्यालय देश के विकास में योगदान देने वाले आदर्श नागरिक तैयार करने को निरन्तर प्रयासरत रहता है।

1. विद्यालय परिवार में प्रधानाचार्य सहित 52 शिक्षक, 5 लिपिक एवं 17 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं।
2. विद्यालय का विशाल भवन विद्यालय की एक मुख्य विशेषता है। बड़े-बड़े हवादार कमरे, विशाल सुसज्जित व सुव्यवस्थित भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान प्रयोगशालाएँ, विशाल क्रीड़ा स्थल, सहस्रो पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय, वाचनालय, विशाल ऑडिटोरियम हॉल विद्यालय की शोभा बढ़ा रहे हैं।
3. अनुशासन छात्र के भावी जीवन की आधारशिला है। विद्यालय प्रशासन की दृष्टि से भी अनुशासन सर्वोपरि है।
4. विद्यालय के शिक्षक छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं।
5. विद्यालय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। छात्रों में भी स्वच्छ रहने की प्रवृत्ति विकसित की जाती है।
6. पर्यावरण शुद्धि के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाए गए हैं। समय-समय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिससे विद्यालय वर्ष भर हरा-भरा रहता है।
7. वार्षिक परीक्षा में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।
8. विद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागी छात्रों को पुरस्कृत किया जाता है।
9. विद्यालय में समय-समय पर संत महात्माओं के प्रवचन कराए जाते हैं जो छात्रों को किसी धर्म विशेष की शिक्षा न देकर उनके जीवन में काम आने वाली बातों को सरल सहज विधि से समझाते हैं।
10. विद्यालय में शारीरिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है।
11. प्रधानाचार्य द्वारा सभी कक्षाओं के छात्रों की अभ्यास पुस्तिकाओं का निरीक्षण किया जाता है।

# विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएँ

1. विद्यालय में जनरेटर की सुविधा उपलब्ध है जिससे छात्रों को भयंकर गर्मी में पंखों की हवा प्राप्त होती रहे और पठन-पाठन में कोई व्यवधान न हो।
2. छात्रों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए बड़े वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है।
3. विद्यालय में चारों ओर पीने के स्वच्छ पानी की व्यवस्था है।
4. निर्धन छात्रों के लिए नि:शुल्क ड्रैस की सुविधा उपलब्ध है।
5. विद्यालय में छात्रों के लिए प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध है।
6. विद्यालय में कम्पयूटर लैब की व्यवस्था है, जहां कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र कम्पयूटर का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।
7. पाठ्य पुस्तकों का नि:शुल्क वितरण।
8. सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों का वितरण।

# पाठ्येत्तर गतिविधियाँ

1. बालक के सर्वांगीण विकास में पाठ्येत्तर गतिविधियों का विशेष महत्व है। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में समय-समय पर चित्रकला, भाषण, संगीत, साहित्य, विज्ञान, लेखन, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिससे छात्रों की छिपी प्रतिभा प्रकट हो सके, जो उनके जीवन में सहायक हो।
2. विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, गांधी जयन्ती व अन्य महापुरूषों के जयंती कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किये जाते हैं।
3. बालकों में देश सेवा की भावना को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा जो योजनाएँ चल रही है यथा - बालचर योजना, एन.सी.सी., एन.एस.एस. का विद्यालय में सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है।
4. विद्यालय सरकार द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न प्रकार की रैलियों साक्षरता अभियान, पल्स पोलियो अभियान, पर्यावरण रैली, जनसंख्या रैली जनपदीय मण्डलीय क्रीड़ा रैली में सहभागिता करता है।

## विद्यालय में प्रवेश संबंधी नियम

**स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (टी.सी.) प्रस्तुत किए बिना प्रवेश किसी भी दशा में नहीं दिया जायेगा। प्रवेश फार्म भरने के एक माह के अन्दर टी.सी. भरना अनिवार्य है। एक माह में टी.सी. जमा नहीं करने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। इस संबंध में कोई भी वाद-विवाद मान्य नहीं होगा।**

1. नये प्रवेश के इच्छुक छात्र अपनी नवीनतम अंक तालिका, टी.सी., दो फोटो, जाति प्रमाण-पत्र व आय प्रमाण-पत्र साथ लेकर आएं।
2. प्रवेशार्थी विद्यालय के निर्धारित फार्म पर ही आवेदन करेंगे। आवेदन-पत्र कॉलेज विवरण पत्रिका के साथ प्राप्त किया जा सकता है।
3. प्रवेश के लिए प्रत्येक छात्र को स्वयं अपने अभिभावक के साथ प्रवेश समिति के समक्ष अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।
4. किसी दूसरे प्रदेश या बोर्ड से आने वाले छात्र को अपना स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र शिक्षाधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर लाना अनिवार्य है।
5. नया प्रवेश लेने वाले छात्र की प्रवेश समिति द्वारा प्रवेश से पूर्व परीक्षा ली जाएगी, उसमें अयोग्य पाये जाने पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
6. आवेदन-पत्र में सभी प्रविष्टियां स्पष्ट रूप से भरें। विशेष रूप से पता पूर्ण लिखें, जिससे आवश्यकता होने पर आपसे पत्राचार सम्भव हो सके। अभिभावक अपना मोबाइल नम्बर अवश्य लिखें।
7. आवेदन-पत्र की प्रविष्टियां छात्र के टी.सी. के अनुरूप पूर्ण करें।
8. नया प्रवेश लेने वाले छात्र को तुरन्त निर्धारित शुल्क जमा कराना होगा। ऐसा न होने की दशा में उसका प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा।

## छात्रों के अनुपालन हेतु आवश्यक नियम

1. छात्र को नियत समय पर विद्यालय में निर्धारित यूनिफार्म डार्क चॉकलेट रंग की पैंट, सफेद रंग की कमीज, टाई, बैल्ट, जूते जुराब तथा सर्दियों में गहरा नीला स्वेटर या कोट पहनना अनिवार्य है। प्रत्येक शनिवार को सफेद रंग की पैन्ट निर्धारित है। ऐसा न करना अनुशासनहीनता के अन्तर्गत माना जाएगा, जिसके लिए छात्र दण्ड का भागी होगा।
2. प्रार्थना से पूर्व कक्षा रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज कराना आवश्यक है। ऐसा न होने पर छात्र अनुपस्थित माना जाएगा।

3. प्रत्येक विद्यार्थी को परिचय-पत्र दिया जाएगा, जिसे पूर्ण रूप से भरकर प्रधानाचार्य एवं चीफ प्रॉक्टर के हस्ताक्षर कराकर विद्यार्थी उसे प्रतिदिन अपने पास रखेंगे, जिसे मांगने पर प्रस्तुत करना होगा।
4. छात्र द्वारा विद्यालय से ली गई मोहर अंकित पुस्तक अथवा क्रीड़ा सामग्री के खो जाने पर अन्य कोई सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी अपितु उसका पूर्ण मूल्य दण्ड स्वरूप लिया जाएगा।
5. परिचय-पत्र अथवा प्रगति-पत्र खो जाने की दशा में निर्धारित धनराशि देकर पुनः प्राप्त किया जा सकता है।
6. छात्र अपनी साईकिल निर्धारित धनराशि देकर ही स्टैण्ड पर खड़ी कर सकेंगे। साइकिल खो जाने की स्थिति में स्टैण्ड शुल्क की रसीद, स्टैण्ड टोकन एवं साइकिल के प्रपत्र मूल रूप में प्रस्तुत करने पर मूल्य की 25% राशि देय होगी।
7. गृह परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर संबंधित परीक्षा रद्द कर दी जाएगी व नियमों के अनुरूप कार्यवाही होगी।
8. बोर्ड परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर बोर्ड नियमों के अनुरूप कार्यवाही होगी।
9. एक ही कक्षा में निरंतर दो वर्ष अनुत्तीर्ण होने पर तीसरे वर्ष पुनः प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
10. गृह परीक्षाओं में कक्षा 6,7,8,9,11 के विद्यार्थियों के लिए 90% उपस्थिति आवश्यक है।
11. अवकाश लेने के लिए प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
12. 10 दिन तक निरंतर अनुपस्थित रहने पर नाम काट दिया जायेगा।
13. माह के अंतिम दिवस तक देय शुल्क जमा न कराने पर छात्र का नाम काट दिया जायेगा।
14. अप्रैल के प्रथम 3 दिन व जनवरी माह के प्रथम 3 दिन अनुपस्थित रहने पर नाम काट दिया जाएगा।
15. छात्र के अनुशासन हीनता में संलग्न पाये जाने पर उसका टी.सी. बना दिया जायेगा और उसके चरित्र प्रमाण-पत्र में प्रतिकूल प्रविष्टि कर दी जायेगी।
16. विद्यालय किसी भी परिस्थिति में छात्र को पुनः प्रवेश देने के लिए बाध्य नहीं है। छात्र का नाम काटे जाने पर सूचना अनिवार्य रूप से अभिभाव को देने के लिए विद्यालय बाध्य नहीं है।
17. पुनः प्रवेश प्रधानाचार्य जी के विवेक पर ही होगा।

# विद्यालय में कार्यरत शिक्षकगण

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | विषय | शैक्षिक योग्यताएँ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री दीपक कुमार गुप्ता | प्रधानाचार्य | वाणिज्य | एम.कॉम |
| 2 | डॉ. पूजा जैन | प्रवक्ता | जीव विज्ञान | एम.एस.सी. (बॉटनी), पी.एच.डी. |
| 3 | श्री राजन कुमार जैन | प्रवक्ता | वाणिज्य | एम.कॉम., बी.एड. |
| 4 | श्री राममोहन अग्रवाल | प्रवक्ता | भौतिक विज्ञान | एम.एस.सी. (भौतिक विज्ञान), बी.एड. |
| 5 | डॉ. उर्मि गौतम | प्रवक्ता | संस्कृत | एम.ए. (संगीत, संस्कृत, हिन्दी), बी.एड., पी.एच.डी., NET Qualified |
| 6 | श्री प्रमोद चन्द मित्तल | प्रवक्ता | अंग्रेजी | एम.ए. (अंग्रेजी), बी.एड. |
| 7 | डॉ. नवीन कुमार जैन | प्रवक्ता | वाणिज्य | एम.कॉम., बी.एड, पी.एच.डी. |
| 8 | श्रीमती रश्मि भटनागर | प्रवक्ता | हिन्दी | एम.ए. (हिन्दी, संस्कृत), बी.एड. |
| 9 | श्री प्रदर्शन जैन | प्रवक्ता एवं एन.एस.एस. प्रभारी | हिन्दी | एम.ए. (हिन्दी, संस्कृत), बी.एड. |
| 10 | श्री संजय कुमार जैन | प्रवक्ता | गणित | एम.एस.सी. (गणित), बी.एड. |
| 11 | श्री पंकज जैन | प्रवक्ता | ना0 शास्त्र | एम.ए. (अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र), बी.एड. |
| 12 | डॉ. किरण शर्मा | प्रवक्ता | हिन्दी | बी.ए. (हिन्दी ऑनर्स), एम.ए. (हिन्दी), बी.एड., पी.एच.डी. |
| 13 | श्री आकाश जैन | प्रवक्ता एवं एन.सी.सी. प्रभारी | भूगोल | एम.ए. (भूगोल), बी.एड. |
| 14 | श्री धीरज जैन | प्रवक्ता | इतिहास | एम.कॉम., बी.एड., एम.ए. (इतिहास) |
| 15 | श्री अश्वनी जैन | प्रवक्ता | रसा० विज्ञान | एम.एस.सी., (रसायन विज्ञान), बी.एड., एम.ए. (शिक्षा शास्त्र) |
| 16 | श्री संजय कुमार जैन | प्रवक्ता | अर्थशास्त्र | एम.कॉम., बी.एड. |
| 17 | श्री विशाल त्यागी | प्रवक्ता | वाणिज्य | एम.कॉम., बी.एड. |
| 18 | रिक्त पद | प्रवक्ता | | |
| 19 | रिक्त पद | प्रवक्ता | | |
| 20 | रिक्त पद | प्रवक्ता | | |
| 21 | रिक्त पद | प्रवक्ता | | |
| 22 | रिक्त पद | प्रवक्ता | | |
| 23 | श्री शशिमोहन | स.अ. | हिन्दी | एम.ए.(हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी), बी.एड. |
| 24 | श्री नरेश कुमार | स.अ. | शारीरिक शिक्षा | एम.ए. (इतिहास), बी.पी.एड.,बी.एड., सी.वाई.एड., एन.आई.एस.(सी.आर.) वालीवाल एथलेटिक्स |
| 25 | श्री आशीष कुमार जैन | स.अ. | विज्ञान, गणित | एम.एस.सी. (गणित), बी.एड. |
| 26 | श्रीमती संगीता गुप्ता | स.अ. | वि0/जीव विज्ञान | एम.एस.सी. (रसायन विज्ञान), बी.एड. |
| 27 | श्रीमती नीलमणि जैन | स.अ. | अंग्रेजी | एम.ए. (अंग्रेजी, रा० शास्त्र), बी.एड. |
| 28 | श्री सचिन शर्मा | स.अ. | विज्ञान गणित | बी.एस.सी., एम.ए. (इतिहास, अर्थशास्त्र), बी.एड. |

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | विषय | शैक्षिक योग्यताएँ |
|---|---|---|---|---|
| 29 | श्री अनिल कुमार जैन | स.अ. | हिन्दी | एम.ए. (हिन्दी, ना0 शास्त्र), बी.एड. |
| 30 | श्री अखिल प्रसाद | स.अ. | विज्ञान गणित | एम.ए. (गणित, भूगोल), बी.एड. एल.एल.बी. |
| 31 | श्री सुमित कुमार | स.अ. | विज्ञान गणित | एम.एस.सी. (गणित), बी.एड. |
| 32 | डॉ. पूनम शर्मा | स.अ. | हिन्दी | एम.ए. (अंग्रेजी, संस्कृत), बी.एड., पी.एच.डी. |
| 33 | श्रीमती सुनीता पंवार | स.अ. | अंग्रेजी | एम.ए. (अंग्रेजी), बी.एड. |
| 34 | श्रीमती अर्चना जैन | स.अ. | कला | एम.ए. (अंग्रेजी), एम.फिल. (अंग्रेजी), बी.एड., आई.जी.डी. बॉम्बे |
| 35 | श्री जिम्मी गुप्ता | स.अ. | विज्ञान गणित | बी.एस.सी., एम.एस.सी. (आई.टी.), एम.ए. (शिक्षा शास्त्र), बी.एड. |
| 36 | श्रीमती पूनम कौशिक | स.अ. | सा0 विज्ञान | एम.ए. (अर्थशास्त्र), बी.एड. |
| 37 | डॉ. दीपक कुमार | स.अ. | विज्ञान, गणित | एम.एस.सी. (गणित), बी.एड., पी.एच.डी. |
| 38 | श्रीमती रश्मि जैन | स.अ. | अंग्रेजी | एम.ए. (अंग्रेजी), बी.एड. |
| 39 | श्रीमती गौरी अग्रवाल | स.अ. | अंग्रेजी | एम.ए. (अंग्रेजी, समाज शास्त्र), बी.एड. |
| 40 | श्री लोकेश कुमार जैन | स.अ. | सा0 विज्ञान | एम.ए. (इतिहास, हिन्दी, शिक्षा शास्त्र), बी.एड., एम.एड. |
| 41 | श्री अभिषेक शर्मा | स.अ. एवं स्काउट प्रभारी | सा0 विज्ञान | एम.ए. (राजनीति शास्त्र), बी.एड., आई.जी.डी. बॉम्बे |
| 42 | श्री श्याम जी पाल (शोधार्थी) | स.अ. | हिन्दी | एम.ए. (हिन्दी, समाजशास्त्र), बी.एड., एम.एड., एम.फिल (हिन्दी), यू.जी.सी. नेट (हिन्दी) |
| 43 | श्रीमती नीतू जैन | स.अ. | संगीत | बी.कॉम, बी.एड., संगीत विशारद |
| 44 | श्रीमती नीति मित्तल | स.अ. | हिन्दी | एम.ए. (हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, शिक्षा शास्त्र) बी.एड. |
| 45 | श्री दुष्यन्त तिवारी | स.अ. | विज्ञान, गणित | बी.एस.सी., एम.ए. (गणित), बी.एड. |
| 46 | श्रीमती ज्योति शर्मा | स.अ. | विज्ञान, जीव विज्ञान | एम.एस.सी. (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान) बी.एड. |
| 47 | रिक्त पद | स.अ. | | |
| 48 | रिक्त पद | स.अ. | | |
| 49 | रिक्त पद | स.अ. | | |
| 50 | रिक्त पद | स.अ. | | |
| 51 | रिक्त पद | स.अ. | | |
| 52 | रिक्त पद | स.अ. | | |
| 53 | डॉ. पंकज कुमार जैन | प्रवक्ता | व्यवसायिक बैंकिंग | एम.कॉम., बी.एड., पी.एच.डी., एम.ए. (समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, अर्थशास्त्र) |
| 54 | श्री अंकित जैन | अतिथि विषय विशेषज्ञ | कम्प्यूटर शिक्षक | एम.कॉम, बी.एड. |

## कार्यालय

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री अरूण कुमार | प्रधान लिपिक |
| 2 | श्रीमती पूनम | स० लिपिक |
| 3 | श्री नीरज कुमार जैन | स० लिपिक |
| 4 | श्रीमति अनुराधा पन्त | स० लिपिक |
| 5 | श्री पुनीत जैन | स० लिपिक |

# पाठ्य विषय

## कक्षा 6, 7, 8

★ हिन्दी
★ अंग्रेजी
★ संस्कृत
★ गणित
★ विज्ञान
★ इतिहास एवं भूगोल
★ शारीरिक शिक्षा
★ पुस्तक कला अथवा वाणिज्य
★ कला अथवा संगीत

नोटः विद्यालय की व्यवस्थानुसार वाणिज्य के साथ कला विषय का तथा पुस्तक कला के साथ कला या संगीत का चुनाव किया जा सकता है।

## कक्षा 9, 10

★ हिन्दी
★ अंग्रेजी / संस्कृत
★ गणित
★ विज्ञान
★ सामाजिक विज्ञान
★ कला / कम्प्यूटर / वाणिज्य
★ शारीरिक शिक्षा

## कक्षा 11, 12

| | |
|---|---|
| कला संकाय : | हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, अर्थशास्त्र<br>नागरिक शास्त्र, भूगोल, कला, समाज शास्त्र |
| विज्ञान संकाय : | हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र<br>जीवन विज्ञान, गणित |
| वाणिज्य संकाय | अनिवार्य विषयः हिन्दी, लेखाशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन<br>ऐच्छिक विषय : अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर, गणित<br>अंग्रेजी |
| व्यवयायिक विषयः | 1. फोटोग्राफी 2. बैकिंग<br>3. नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध |

नोटः प्रत्येक ट्रेड में 25 सीटों की व्यवस्था है।